करोड़ों के नकली Louis Vuitton प्रोडक्ट्स जब्त, कीमत लाखों में; जूते-मोजे से लेकर हैंडबैग तक, PICS



बेंगलुरु:
बेंगलुरु में इंटरनेशनल लग्जरी ब्रांड लुई विटॉन (Louis Vuitton) के नाम पर कथित तौर पर नकली उत्पादों की बिक्री का मामला सामने आने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है. व्हाइटफील्ड पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के अनुसार एक कंपनी करोड़ों रुपये के सामान को प्रतिष्ठित ब्रांड के नाम से बेच रही थी. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में उत्पाद जब्त किए हैं. मामले ने ब्रांड कॉपीराइट और ट्रेडमार्क उल्लंघन को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं. फिलहाल पुलिस आपूर्ति श्रृंखला से लेकर बिक्री नेटवर्क तक हर पहलू की जांच कर रही है.

Source: https://ndtv.in/india/louis-vuitton-fake-products-seized-shoes-bags-undergarments-clothes-crores-worth-goods-bengaluru-whitefield-police-case-registered-see-pics-12123367